एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दो डायरेक्टर्स के साथ एक फ्रेम में नजर आईं सारा अली खान

डायरेक्टर अभिषेक कपूर की फिल्म केदारनाथ से डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस सारा अली खान का फिल्मी करियर आगे बढ़ रहा है। केदारनाथ करने के बाद सारा अली खान ने डायरेक्टर रोहित शेट्टी के साथ फिल्म सिंबा की है। फिलहाल इस समय वह डायरेक्टर डेविड धवन की फिल्म कुली नंबर 1 की शूटिंग कर रही हैं। सारा अली खान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर डेविड धवन और रोहित शेट्टी के साथ तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में सारा अली खान दोनों डायरेक्टर्स के बीच में खड़ी होकर मुस्कुरा रही हैं। वह वाइट ड्रेस और शूज में काफी खूबसूरत लग रही हैं। सारा अली खान के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो वह डेविड धवन की फिल्म कुली नंबर 1 में वरुण धवन के साथ शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म के अलावा वह कार्तिक आर्यन के साथ डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म आज कल में नजर आएंगी। बता दें ऑरिजिनल कुली नंबर 1 साल 1995 की एक सुपरहिट फिल्म थी जिसमें गोविंदा और करिश्मा कपूर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। आए दिन इस फिल्म से जुड़े अपडेट सोशल मीडिया पर आते रहते हैं।

दिल्ली में ठंड और पान का मजा ले रही हैं प्रियंका चोपड़ा

ऐक्ट्रेसप्रियंका चोपड़ा अपने काम को लेकर कभी अमेरीका तो कभी भारत में रह रही हैं। बीते दिनों वह फिल्म स्काई इज पिंक के प्रमोशन के लिए भारत आई थीं। अब यहां वह अपनी नई फिल्म की तैयारी कर रही हैं। इन दिनों वह राजधानी दिल्ली में हैं। वह दिल्ली से अपनी तस्वीरें भी खूब शेयर कर रही हैं। हाल ही में वह दिल्ली में पान का लुत्फ लेती हुई नजर आईं।

प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह पान खाती हुई नजर आ रही हैं। पान के साथ ही वह दिल्ली की ठंड का भी मजा लेती दिख रही हैं। इसके पहले उन्होंने दिल्ली में चाट के मजे लेते हुए भी अपनी तस्वीर शेयर की थी। कुछ दिन पहले ही प्रियंका दिल्ली आई हैं। आते ही वह यहां के प्रदूषण से परेशान हो गई थीं। उन्होंने मास्क लगाए हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की थी जिसके साथ उन्होंने बताया था कि यहां शूटिंग करना बहुत कठिन है।

पति पत्नी और वो में मैरिटल रेप का मजाक, भूमि पेडनेकर ने दी सफाई

हाल ही में फिल्म पति पत्नी और वो का ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे नजर आ रहे हैं। इसमें कार्तिक आर्यन का किरदार पत्नी और गर्लफ्रेंड के बीच चक्कर काटता रहता है। कॉमिडी का तड़का और पुराने गानों के रीमिक्स की वजह से ट्रेलर लोगों के बीच चर्चित है, लेकिन यह विवादों में भी आ गया है। लोगों का मानना है कि फिल्म में मैरिटल रेप का मजाक उड़ाया गया है। अब भूमि पेडनेकर ने इसपर सफाई दी है। पति पत्नी और वो का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही चर्चित है। वहीं, कई लोग इसकी आलोचना भी कर रहे हैं। ट्रेलर के एक डायलॉग में कार्तिक आर्यन सेक्स के बारे में डायलॉग बोल रहे हैं। इस डायलॉग में मैरिटल रेप का भी जिक्र है। कई फैन्स इस बात से नाराज हैं कि फिल्म में इतने संवेदनशील मुद्दे का मजाक उड़ाया गया है। ऐक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने एक इंटरव्यू में इसपर अपनी बात कही है। उन्होंने कहा, अगर इससे किसी की भी भावनाएं आहत हुई हैं, तो हम माफी चाहते हैं क्योंकि ये इरादा नहीं था। लेकिन जो भी पति पत्नी और वो से जुड़े हैं वे ऐसा नहीं सोचते हैं। भूमि ने आगे कहा, मुदस्सर (फिल्म के डायरेक्टर) महिलाओं का सम्मान करते हैं। मेरी फिल्मों में भी वही होता है जो मैं महिलाओं के बारे में सोचती हूं। हम लगातार जेंडर गैप कम करने पर काम कर रहे हैं और मैं किसी ऐसी फिल्म का हिस्सा नहीं होऊंगी जिससे यह और बढ़े। मैंने कई बड़ी फिल्मों के लिए मना भी किया है जिसके लिए मुझे काफी पैसे ऑफर किए गए थे और बाद में वे फिल्में हिट भी हुईं।